(viii) वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(ix) लक्षणामूलक ध्वनि किसे कहते हैं? इसके भेदों का उल्लेख कीजिए।

(x) औचित्य सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन हैं?

(xi) प्लेटो के गुरू कौन थे?

(xii) अरस्तू प्रवर्तित सिद्धान्त का नाम लिखिए।

(xiii) 'परिहुप्सुस' के लेखक कौन हैं?

(xiv) मैथ्यू आर्नल्ड की आलोचनात्मक रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(xv) टी.एस. एलियट का पूरा नाम क्या है?

(xvi) रिचड्स अपनी किस कृति के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध हुए?

(xvii) क्रोचे की उस पुस्तक का नाम बताइए जिसमें पहली बार अभिव्यंजनावाद की चर्चा हुई।

(xviii) विज्ञान-साहित्य के संबंध को विखंडन किस प्रकार प्रभावित करता है?

(xix) केशवदास के लक्षण ग्रन्थों का उल्लेख कीजिए।

(xx) शास्त्रीय आलोचना का एक उदाहरण दीजिए।

◆◆◆

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. ''अलंकार'' पर विचार करते हुए उसे विभिन्न आचार्यों की व्याख्याओं के सन्दर्भ में विवेचित कीजिए। 10

अथवा

रीति की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए, रीति को काव्य की आत्मा कहने के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 2. अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। 10

अथवा

रिचर्ड्स की व्यावहारिक आलोचना की विभिन्न स्थापनाओं का विश्लेषण कीजिए।

प्र. 3. केशवदास के काव्यशास्त्रीय चिन्तन का मूल्यांकन कीजिए। 10

कृ.पृ.उ.

अथवा

अभिव्यंजनावाद क्या है? इसके स्वरूप का वर्णन कीजिए।

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– **10**

''अति सुधो सनेह को मारग है जहाँ नेक सयानपन बांक नहीं,
तहाँ साँचे चलैं तजि आपुनपौ झझकै कपटी जे निसाँक नहीं।
धन आनंद प्यारे सुजान सुनौ इत एक तैं दूसरो आँक नहीं,
तुम कौन घौं पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।।''

अथवा

श्रेय नहीं कुछ मेरा
मैं तो डूब गया था स्वयं शून्य में
वीणा के माध्यम से अपने को मैंने
सब कुछ को सौंप दिया था–
सुना आपने जो वह मेरा नहीं
न वीणा का था :
वह तो सब कुछ की तथता थी–
महाशून्य
वह महामौन
जो शब्दहीन
सब में गाता है।''

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– **5 x 4 = 20**

(i) साहित्यिक पाठ और आलोचना के सम्बन्ध में विखंडवादी दृष्टि क्या है?

(ii) अस्तित्ववाद क्या है? इस दर्शन में जिन विशेषताओं का विवेचन किया गया है, उनका उल्लेख कीजिए।

(iii) एलियट के निर्वैयक्तिकता सिद्धान्त को समझाइए।

(iv) काव्य–लक्षण, काव्य–हेतु और काव्य–प्रयोजन को परिभाषित कीजिए।

(v) रस की प्रक्रिया के सन्दर्भ में अभिव्यक्त विभिन्न आचार्यों के मतों का उल्लेख कीजिए।

(vi) ''अलंकार'' को परिभाषित कीजिए।

(vii) ''गौड़ीया रीति'' का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(viii) अरस्तू द्वारा व्यवहृत अनुकरण का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **20 x 1 = 20**

(i) 'नाट्यशास्त्र' के रचनाकार का नाम बताइये।

(ii) काव्य–हेतुओं के नाम लिखिए।

(iii) संस्कृत काव्यशास्त्र की परम्परा में सबसे पहला सम्प्रदाय कौन है?

(iv) अनुभाव क्या है?

(v) आचार्य भामह की रचना का नाम लिखिए। रचना शताब्दी भी लिखिए।

(vi) आचार्य दण्डी ने अलंकार को कैसे परिभाषित किया?

(vii) 'रीति' के तीन प्रमुख प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 2. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 5= 25**

1. भगवान महावीर का जीवन परिचय लिखिए।
2. दिगम्बर एवं श्वेताम्बर सम्प्रदाय में अन्तर बताइये।
3. सम्यग् ज्ञान के स्वरूप को विवेचित कीजिये। .
4. जैन दर्शन में षट् द्रव्य को विवेचित कीजिए।
5. सिद्ध करें जीवन विज्ञान शिक्षा का नया आयाम है।
6. स्वास्थ्य प्रबन्धन के उपायों का वर्णन कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। (कोई तीन) **3 x 15= 45**

1. जैन धर्म के स्वरूप को बताते हुए उसकी प्राचीनता को सिद्ध करें।
2. जैन जीवनशैली का विस्तार से विवेचन करें।
3. जैन दर्शन में लोकतन्त्र सम्बन्धी सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए।
4. ''अणुव्रत आन्दोलन नैतिकता का आंदोलन है'' इस विषय पर एक निबन्ध लिखें।
5. नशे के कारण और दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए नशा–मुक्ति के प्रयोगों का विवेचन कीजिए।

◆◆◆

Q. Paper Code : MAHIND105

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र. 1. लघूत्तरात्मक प्रश्न **10 x 1 = 10**

1. काल के कितने भेद हैं?
2. आगम किसे कहते हैं?
3. तत्त्व का अर्थ क्या है?
4. द्रव्य कितने हैं?
5. निर्जरा किसे कहते हैं?
6. अध्यात्म का क्या अर्थ है?
7. अनेकान्त किसे कहते हैं?
8. अणुव्रत आन्दोलन का प्रवर्तन कब और किसके द्वारा हुआ?
9. चैतन्य केन्द्रों के नाम बताइए।
10. प्रेक्षाध्यान का अर्थ क्या है?

कृ.पृ.उ.

(viii) 'सूफी' शब्द से आप क्या समझते हैं?
(ix) 'पद्मावत' में हीरामन तोते का रूपक क्या है?
(x) सूरदास की प्रमुख रचना का नाम लिखिए।
(xi) 'उधो पचीसी' किसकी रचना है?
(xii) विनयपत्रिका की भाषा कौनसी है?
(xiii) भक्तिकाल का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य कौनसा है?
(xiv) 'नावक के तीर' का क्या अर्थ है?
(xv) रीतिकाल का सर्वोच्च कवि किसे माना जाता है?
(xvi) खुसरो की प्रमुख रचना कौन-सी है?
(xvii) मीरां की सर्वप्रमुख रचना का नाम बताइये।
(xviii) रसखान कहाँ के निवासी थे?
(xix) भूषण की काव्य रचना का विषय क्या है?
(xx) सेनापति का सबसे प्रसिद्ध वर्णन कौनसा है?

◆◆◆

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा - 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x8=24**

(i) लच्छन सहित बत्तीस बरस छत्तीस मास छह।
इन दज्जन संग्रहे राहु जिम चंद सूर गह।।
उब छुट्टे महि दान दुजन छुट्टे ति दंड वहि।
इक्क गहहि गिरि कंद इक्क अनुसरहिं चल गहि।।
चंहुवान चतुर चंहु दिसहि बलि हिंदबानं सब हत्यजिहि।
इम जंपइ चंदु वरद्दिया प्रिथिराज अनुहार इहि।।

(ii) संतो, सहज समाधि भली।
सांईते मिलन भयो जा दिनतें सुरत न अन्त चली।।
आंख न मूंदू कान न रूंधूं, काया कष्ट न धारू।
खुले नैन मैं हंस हंस देखूं, सुन्दर रूप निहारूं।।
कहूं सो नाम सुनूं सो सुमिरन, जो कुछ करूं सो पूजा।

(iii) कहौ लिलार दुइज कै जोती। दुइजहि जोति कहां जग ओती।
सहस किरनी जो सुरूज दिपाई। देखि लिलार सोउ छपि जाई।।
का सरिवरि तेहि देउं मयंकू। चांद कलंकी, वह निकलंकू।।
औ चांदहि पुनि राहु गरसा। वह बिनु राहु सदा परगासा।।
तेहि लिलार पर तिलक बईठा। दुइज-पाठ जानहु ध्रुव दीठा।।
कनक-पाट जनु बैठा राजा। सबै सिंगार अत्र लेइ साजा।।
ओहि आगे थिर रहा ना कोऊ। दह का कहं अस जुरै संजोगू।।

खरग, धनुक, चक बान दुइ, जग–मारन तिन्ह नांव।
सुनि कै परा मुरूछि है, (राजा) मोकहं हुए कुठावं।।

(iv) गोकुल सबै गोपाल उपासी।
जोग अंग साधत जे ऊधो ते सब बसत ईसपुर कासी।।
यद्यपि हरि हम तजि अनाथ करि तदपि रहति चरननिरसरासी।।
अपनी सीतलताही न छाँडत यद्यपि है ससि राहु गरासी।।
का अपराध जोग लिखि पठवत प्रेमभजन तजि करत उदासी।
सूरदास ऐसी को बिरहिन माँगति मुक्ति तजे गुनरासी।।

(v) रहेउ एक दिन अवधि अधारा। समुझत मन दुख भयऊ उपारा।।
कारन कवन नाथ नही आयउ। जानि कुटिल किधौं मोहि बिसरायउ।।
अहह धन्य लछिमन बडभागी। राम पदारबिन्दु अनुरागी।।
कपटी कुटिल मोहि प्रभु चीन्हा। ताते नाथ संग नहीं लीन्हा।।
जौं करनी समुझे प्रभु मोरी। नहि निस्तार कलप सत कोरी।।
जन अवगुन प्रभु मान न काऊ। दीन बंधु अति मृदुल सुभाऊ।।
मोरे जियँ भरोस दृढ़ सोई। मिलिहहि राम सगुन सुभ होइ।।
बीतें अवधि रहहिं जौं प्राना। अधम कवन जग मोहि समाना।।

(vi) अजौं तर्योना ही रहनो, स्रुतिसेवत इक–रंग।
नाकु बास बेसरि लहयौं, बसि मुकुतनु के संग।।
बैठि रही अति सघन बन, पैठी सदन तन माँह।
निरखि दुपहरी जेठ की, छाँहौं चाहति छाँह।।
नाहिन ये पावक प्रबल, लुवैं–चलत चहुँपास।
मानहुँ बिरहु बसन्त के, ग्रीष्म लेत उसास।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2 x 10 = 20**

(i) जायसी के पद्मावत में कवि ने लोक परम्परा और लोक जीवन का अनुसरण किया है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ii) भ्रमरगीत का साहित्यिक महत्त्व समझाइये।

(iii) कबीर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

(iv) भक्तिकाल के स्वरूप पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए।

(v) तुलसीदास के व्यक्तित्त्व पर प्रकाश डालते हुए तुलसीदास की लोकप्रियता के कारण स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3.निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4 x 4 = 16**

(i) बिहारी सतसई का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ii) उत्तरकांड में समाज का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(iii) कृष्णभक्तिधारा में मीरा का महत्त्व बताइये।

(iv) रीतिकाल का संक्षेप में परिचय देते हुए राजनीतिक परिस्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

(v) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा किया गया हिन्दी साहित्य का इतिहास में भक्तिकाल का वर्गीकरण स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4.सभी प्रश्न करने अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। **20 x 1 = 20**

(i) पृथ्वीराज रासो किसकी रचना है?
(ii) भक्तिकाल कब से कब तक माना जाता है?
(iii) पद्मावत के लेखक कौन हैं?
(iv) रामचरित मानस में कुल कितने कांड हैं?
(v) 'गागर में सागर' किसने भरा है?
(vi) घनआनंद किसके दरबारी कवि थे?
(vii) कबीर का ज्ञान किस प्रकार का था?

Q. Paper Code - MAHIND202

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. भाषा की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

वागवयव और उनके कार्यों का विश्लेषण कीजिए।

प्र. 2. रूपिम की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके भेद बताइए। 10

अथवा

अर्थ विज्ञान की परिभाषा देते हुए शब्द और अर्थ का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. वैदिक तथा लौकिक संस्कृत की विशेषताएं बताते हुए दोनों का अन्तर स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

अवधि एवं बघेली का भाषा वैज्ञानिक परिचय दीजिए।

प्र. 4. हिन्दी शब्द रचना में समासों को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी की सांविधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

प्र. 5.निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) मुखर भाषा का परिचय दीजिए।

(ii) अभिहितान्व्यवाद किसे कहते हैं?

(iii) स्वन परिवर्तन में 'आगम' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(iv) रचना के आधार पर वाक्य के भेदों को स्पष्ट कीजिए।

(v) खड़ी बोली की विशेषताएं बताइए।

(vi) संचार–भाषा से क्या तात्पर्य है?

(vii) पदक्रम पर प्रकाश डालिए।

(viii) आंकड़ा संसाधन को समझाइए।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **20 x 1 = 20**

(i) भाषा की सर्वमान्य परिभाषा क्या है?

(ii) भाषिक कथन के कितने पक्ष होते हैं?

(iii) भाषा विज्ञान के सम्बन्ध में मैक्यमूलर का कथन क्या है?

(iv) कोष निर्माण में किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

(v) संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक कौन हैं?

(vi) फुसफुस स्वन को हिन्दी में क्या कहते हैं?

(vii) तालव्य स्वन कौन–कौन से हैं?

(viii) स्वरों के मानक बिन्दुओं की कल्पना सर्वप्रथम किसने की?

(ix) पुरोगामी समीकरण किसे कहते हैं?

(x) स्वन के कितने पक्ष होते हैं?

(xi) चीनी भाषा किस तरह की भाषा है?

(xii) क्रिया के कितने रूप होते हैं?

(xiii) प्रयोग के आधार पर रूपिम के कितने भेद हैं?

(xiv) आप्त वाक्य किसे कहते हैं?

(xv) रचना के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?

(xvi) पति के पाँच पर्यायवाची शब्द बताइए।

(xvii) अर्थापकर्ष किसे कहते हैं?

(xviii) द्रविड़ भाषी परिवार की चार भाषाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(xix) वेदांग कितने हैं उनका नाम लिखिए।

(xx) वाच्य कितने प्रकार के हैं?

(xxi) अर्धमागधी से किन–किन बोलियों का जन्म हुआ?

(xxii) हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा कब घोषित किया गया?

(xxiii) केन्द्रीय कार्यालयों में हिन्दी को प्रस्थापित करने के लिए भारत के राष्ट्रपति ने कब आदेश जारी किया?

(xxiv) कम्प्यूटर में 'एण्ड की' क्या है?

◆◆◆

Q. Paper Code : MAHIND203

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

अष्टम पत्र : लोक साहित्य

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **3 x 15 = 45**

(i) 'लोक' शब्द की व्युत्पत्तिपरक व्याख्या करते हुए 'लोक' की भारतीय विद्वानों द्वारा दी गई परिभाषाओं का वर्णन कीजिए।

(ii) लोक कथा किसे कहते हैं? लोक कथाओं का वर्गीकरण कीजिए।

(iii) लोक संस्कृति से क्या तात्पर्य है? क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि लोक संस्कृति में राष्ट्र की आत्मा प्रतिबिम्बित होती है?

(iv) राजस्थान की लोक कलाओं का परिचय दीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) राजस्थान के लोक विश्वासों पर प्रकाश डालिए।

(ii) लोक नाटकों के शिल्प विधान पर प्रकाश डालिए।

कृ.पृ.उ.

(iii) कथानक रूढ़ियों पर प्रकाश डालिए।

(iv) लोक गाथा व लोक कथा में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

(v) लोक गीत किसे कहते हैं? लोक गीतों का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

(vi) लोक साहित्य की विविध विधाओं को स्पष्ट कीजिए।

(vii) इतिहास व पुरातत्व शास्त्र का लोक साहित्य से क्या सम्बन्ध है?

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं15 प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

15 x 1 = 15

(i) अक्षय तृतीया को किस नाम से जाना जाता है? यह कब मनाया जाता है?

(ii) तेजाजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(iii) राजस्थान में प्रचलित प्रमुख ख्यालों के नाम लिखिए।

(iv) राजस्थान की लोक देवियों के नाम बताइए।

(v) गुरू पूर्णिमा क्यों मनाई जाती है?

(vi) गणगौर पर्व में किसकी आराधना की जाती है?

(vii) आखातीज के दिन घर में भोजन के रूप में क्या बनाया जाता है?

(viii) बड़ली माता का मन्दिर कहाँ स्थित है?

(ix) पुष्कर झील कितने घाटों से घिरी हुई है?

(x) अजमेर शरीफ उर्स का मेला किसकी याद में मनाया जाता है?

(xi) रावणहत्था क्या है?

(xii) अलगोजा में कितनी बांसुरियों का प्रयोग होता है?

(xiii) साँप पकड़ने में किस वाद्ययन्त्र का प्रयोग किया जाता है?

(xiv) गेर नृत्य कब किया जाता है?

(xv) शकुन किसे कहते हैं?

(xvi) विश्नोई समाज के प्रवर्तक कौन हैं?

(xvii) राजस्थान के किस देवता की पूजा हिन्दू तथा मुस्लिम दोनों सम्प्रदाय के लोग करते हैं?

(xviii) दोहा में यति कहाँ होती है?

(xix) कुचामणी ख्याल के प्रमुख छंद कौन–कौन से हैं?

(xx) टूटिया–टूंटकी क्या होता है?

(xxi) हिंडोला क्या है?

♦♦♦

anlyses these aspects not only as to which is to be distinguished from the others, but as all a functioning, system that adapts the people to setting. In this, the anthropologist differs from economist, the political scientist, the sociologist, the student of comparative religions or of art or literature.

♦♦♦

Q. Paper Code : MAHIND204

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। **3 x 10= 30**

(i) अनुवाद को विज्ञान, कला या शिल्प में से किस वर्ग में रख सकते हैं? तर्क सहित अपने मत को स्पष्ट कीजिए।

(ii) अनुवाद को समझाने की दो दृष्टियाँ कौनसी हैं? विश्लेषण कीजिए।

(iii) अनुवाद प्रक्रिया में आने वाली प्रमुख समस्याओं का विस्तृत वर्णन कीजिए।

(iv) अनुवाद के महत्त्व पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

(v) अनुवाद की प्रक्रिया में पुनरीक्षण क्या है? पुनरीक्षण की प्रक्रिया में कौन–कौनसे कार्य शामिल होते हैं?

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4= 20**

(i) एक परिभाषा देते हुए अनुवाद का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ii) प्रतीक क्या है? समझाकर लिखिए।

कृ.पृ.उ.

(iii) उपवाक्य क्या है? ये कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(iv) 'नाइडा' द्वारा दी गई अनुवाद प्रक्रिया के तीन सोपानों की चर्चा कीजिए।

(v) अनुवाद की भाषिक अपेक्षाओं पर दस पंक्तियाँ लिखिए।

(vi) कहने और सुनने वाले के बीच सम्बन्ध के आधार पर भाषा प्रयोग में कैसे अंतर आता है? उदाहरण सहित समझाइए।

(vii) विज्ञापनों के अनुवाद विषय पर छः पंक्तियाँ लिखिए।

(viii) अनुवाद प्रक्रिया में शब्दकोष की क्या उपयोगिता है तथा एक अच्छे शब्दकोश की क्या विशेषताएँ होती हैं।

(ix) शिक्षा के क्षेत्र में अनुवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(x) शब्दशः अनुवाद व शाब्दिक अनुवाद के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। **10 x 1= 10**

(i) अनुवाद में स्रोत भाषा किसे कहते हैं?

(ii) प्रभावधर्मी अनुवाद किसे कहते हैं?

(iii) पदबंध से क्या अभिप्राय है?

(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? कोई चार प्रकार लिखिए।

(v) भाषा प्रयुक्ति का क्या अर्थ है?

(vi) साहित्य की भाषा व विज्ञान की भाषा में क्या अंतर है?

(vii) जनसंचार के माध्यमों का नामोल्लेख कीजिए।

(viii) द्विभाषिक कोश क्या है?

(ix) शब्द कोष का प्रारम्भिक कार्य क्या है?

(x) मशीनी अनुवाद का आरम्भ कब हुआ ?

(xi) शेक्सपीयर के नाटक 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' का अनुवाद 'दुलर्भ बन्धु' के नाम से हिन्दी के किस साहित्यकार द्वारा किया गया?

(xii) सफल अनुवाद के प्रमुख गुण कौन–कौनसे हैं?

(xiii) लिप्यंकन तथा लिप्यंतरण से क्या अभिप्राय है?

(xiv) अनुवाद के प्रकार विभाजन के प्रमुख आधार क्या हैं?

(xv) भावानुवाद में किस बात पर अधिक ध्यान दिया जाता है?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। **20**

Cultural anthropology, on the other hand, has a far wider breadth of interest than realated fields in the social sciences and humanities, each of which takes up some one segment of human activity. The cultural anthropologist generally studies peoples who are outside the stream of european cultural history and attempts, as far as he can, to investigate a given body of custom as a whole, or, if he concentrates on any one aspect of a culture, he takes a primary objective, the analysis of the interretation of that aspect with other phases of the life of the people. He

पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2017

विषय : हिन्दी

एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।

आलोचनात्मक प्रश्न **4 x 10 = 40**

प्र. 1. प्रयोजनमूलक हिन्दी किसे कहते हैं? इसके प्रमुख उद्देश्यों एवं विविध रूपों पर रोशनी डालिये।

अथवा

पारिभाषिक शब्दावली को परिभाषित करते हुए इसके निर्माण के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

प्र. 2. ''पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है।'' कथन के संदर्भ में पत्रकारिता के स्वरूप एवं विभिन्न प्रकारों की चर्चा करते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिये।

अथवा

जनसंचार माध्यम के रूप में रेडियो के महत्त्व को इंगित करते हुए बताइये कि रेडियो समाचार लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

प्र. 3. वैज्ञानिक तकनीकी एवं प्राद्योगिकी क्षेत्र के अनुवाद और विधि अनुवाद की समस्याओं और समाधान पर प्रकाश डालिये।

अथवा

सम्पादन के आधारभूत सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिये तथा समाचार माध्यमों में समयकालीन रूझान की आवश्यकता को समझाइये।

प्र. 4. अनुवाद किसे कहते हैं? अनुवाद के विभिन्न रूप बताते हुए हिन्दी की प्रयोजनीयता में इसकी भूमिका स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कम्प्यूटर के विविध अंगों की जानकारी देते हुए कम्प्यूटर की अर्थवता बताइये।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 5. किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) संचार भाषा से क्या अभिप्राय है?

(ii) अर्द्धसरकारी पत्र किसे कहते हैं? इसे लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(iii) इंटरनेट की उपयोगिता को संक्षेप में समझाइये।

(iv) अच्छे प्रूफरीडर के गुण लिखिए।

(v) ''विज्ञापन विक्रय कला है।'' कथन के आलोक में विज्ञापन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(vi) आशु अनुवाद क्या है?

(vii) पटकथा लेखक के गुण बताइये।

(viii) संक्षेपण क्या है? उदाहरण सहित बताइये।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **20 x 1 = 20**

(i) राजभाषा हिन्दी कौन सी लिपि में लिखी जाती है?

(ii) जनसंचार माध्यमों के प्रमुख भेद बताइये।

(iii) हिन्दी को राजभाषा कब घोषित किया गया?

(iv) 'प्रयोजनमूलक विशेषण उसके व्यावहारिक पक्ष को अधिक उजागर करने के लिए प्रयुक्त किया गया है।' प्रयोजनमूलक हिन्दी के लिए यह कथन किस आलोचक का है?

(v) टेलीड्रामा क्या है?

(vi) कार्यालय ज्ञापन किस शैली में लिखा जाता है?

(vii) सरकारी अधिकारियों को भेजे जाने वाले सरकारी पत्रों में संबोधन के रूप में कौन सा शब्द लिखा जाता है?

(viii) कार्यालय ज्ञापन का प्रयोग कब किया जाता है?

(ix) 'Cheque' का सही पारिभाषिक शब्द क्या होगा?

(x) 'Transaction' का सही पारिभाषिक शब्द क्या होगा?

(xi) इंटरनेट के लिए किन तीन उपकरणों का होना आवश्यक है?

(xii) www का निर्माण सर्वप्रथम कब और कहाँ किया गया?

(xiii) B.C.C. का पूरा नाम क्या है?

(xiv) इंटरनेट पोर्टल से क्या अभिप्राय है?

(xv) ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई?

(xvi) उल्टा पिरामिड शैली के कितने भाग होते हैं? नाम लिखिए।

(xvii) वॉचडॉग पत्रकारिता किसे कहते हैं?

(xviii) हिन्दी में काम करने में सहयोगी दो सॉफ्टवेयर पैकेज के नाम लिखो।

(xix) डेडलाइन किसे कहते हैं?

(xx) पटकथा से क्या तात्पर्य है?

(xxi) समाचार लेखन के दो तत्त्व बताइये।

(xxii) आनुषंगिक टिप्पण क्या है?

◆◆◆